हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 5 अगस्त 2025

06 शिक्षकों ने अपने ही वेतन से हजारों रुपए खर्च कर...



07 पुलिस ने किया अंतरराज्यीय ट्रक कटिंग गिरोह का...






# ग्रामीणों की अच्छी पहल: शादी में नहीं बजेगा डीजे-शराब पर भी रहेगा प्रतिबंध

## शादी में डीजे नहीं बजेगा

कमल पांचाल ⏭ आष्टा

समाज को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश के सीहोर जिले की आष्टा जनपद की ग्राम पंचायत जाफराबाद के ग्रामीणों ने अच्छी शुरुआत की है, ग्रामीणों ने सभी की सहमति से निर्णय लिया है कि अब ग्राम पंचायत क्षेत्र में होने वाली किसी भी शादी में डीजे नहीं बजेगा और शराब भी नहीं परोसी जाएगी।

ग्रामीणों ने शराब और डीजे पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक ज्ञापन भी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के कार्यालय पहुंचकर एसडीओपी आकाश अमलकर को सौंपा है, अगर इसी प्रकार की पहल अन्य लोग भी शुरू कर दें, तो निश्चित ही समाज से शराब जैसी बुराई को आसानी से खत्म किया जा सकता है।



|| जय श्री राम ||

ग्राम पंचायत सियाखेड़ी (जाफराबाद)

आम सूचना

01. ग्राम में शराब की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध है।
02. ग्राम में डी. जे. लाना व बजाना भी पूर्णतः प्रतिबंधीत है।
03. ग्राम में शादी समारोह आदि में छोटे स्पीकर रात्रि 1 बजे तक बजा सकतें है।

नोट – जो भी व्यक्ति/परिवार इसका उंल्लघन करता पाया गया तो उसके उपर सख्त कानूनी कार्यवाही एवं समाज द्वारा बहिष्कार एवं 51,000 (इक्यावन हजार) रूपये का जुर्माना होगा।

निवेदक – समस्त ग्रामवासी ग्राम सियाखेड़ी (जाफराबाद)

### ग्रामीणों ने पारित किया आदेश, हर जगह हुई तारीफ

जानकारी के अनुसार आष्टा सीहोर जिले की आष्टा जनपद की ग्राम पंचायत जाफराबाद के सभी ग्रामीण ने एकमत होकर सर्व सहमति से ग्राम पंचायत में एक आदेश पारित किया गया। सभी ग्रामीणों ने एकमत होकर गांव में शादी-ब्याह पर डीजे व शराब नहीं परोसी जाएगी। उनका मानना है कि डीजे में अश्लील गानों के साथ समाज में बुरा असर पड़ रहा है। शराब पीकर लोग झगड़ा करते हैं, इसके कारण उनका समय तो बर्बाद होता ही है और से हानि भी पहुंचती है, जिसके कारण काफी ग्रामीणों को परेशानियों झेलनी पड़ती है।

## ग्रामीणों ने सभी की सहमति से लिया निर्णय



## उलंघन करने पर 51 हजार का लगेगा जुर्माना

### उल्लंघन करने पर जुर्माना होगा सामाजिक बहिष्कार

इसी के चलते सभी ग्रामीणों ने एकमत होकर आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर को आवेदन दिया। इसमें कहा गया है कि हमारे गांव में डीजे पर प्रतिबंध रहेगा, शराब भी नहीं परोसी जाएगी। वही इसका उल्लंघन करने वाले परिवार और व्यक्ति पर 51000 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा और सामाजिक बहिष्कार भी किया जाएगा।

### अनुकरणीय पहल स्वागत योग्य फैसला, ग्रामीणों का सम्मान

मामले में आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत जाफराबाद के ग्रामीणों ने मुझे एक आवेदन दिया कि गांव में डीजे व शराब पर प्रतिबंध लगाया गया है हम जाफराबाद के ग्रामीणों के इस फैसले का स्वागत करते हैं यह एक अनुकरणीय पहल है। वही इस मामले पर आष्टा एसडीएम नितिन कुमार टाले ने कहा की वाकई में ग्रामीणों का यह फैसला सराहनीय है और समाज सुधार की और बड़ा कदम है इससे अन्य गांव वालों और लोगों को प्रेरणा मिलेगी! और इस तरह के कदम हर गांव में उठाने चाहिए ताकि आज की युवा पीढ़ी शराब जैसी सामाजिक बुराई की लत में न लगे। और डीजे पर युवा शराब पीकर लड़ाई झगड़े करते हैं यह भी अच्छा फैसला है ग्रामीणों का।वही ग्रामीणों के द्वारा ज्ञापन मिला है इस दौरान गांव के अंदर कहीं भी शादी ब्याह मे डीजे की सूचना मिलेगी तो हम डीजे जब्त करके कार्रवाई की करेंगे।

## खबर संक्षेप

### 30 अगस्त तक बढ़ाई गई फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि

**सीहोर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत अऋणी किसानों के लिए खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़कर 14 अगस्त कर दी गई है तथा ऋणी किसानों के लिये अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अगस्त 2025 कर दी गई है। जिन किसानों ने बैंकों से केसीसी लिया है और उनका बीमा बैंक द्वारा किया जाता है, किसी कारण से बैंक द्वारा बीमा नहीं किया गया है तो वह किसान बैंक से संपर्क कर अपना फसल बीमा कराएं। अऋणी किसान एवं ऐसे किसान जिनका फसल बीमा छूट गया है वह अंतिम तिथि का इंतजार न करें और शीघ्र ही पास की बैंक शाखा जैसे सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक, जन सेवा केंद्र तथा सीएससी ऑनलाइन पर जाकर फसल बीमा कराए। ताकि फसल नुकसानी के समय किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिल सकें। फसल बीमा कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज ले जाना अनिवार्य है। कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी किसानों को सलाह दी गई है कि वह खरीफ फसलों का बीमा अवश्य करायें ताकि प्रतिकूल मौसम के कारण फसल नुकसान या उपज में कमी होने पर फसल बीमा योजना के तहत होने वाले फसल नुकसान की प्रतिपूर्ति हो सके।

### दिनेश मेवाड़ा बने युवा परिषद के जिला अध्यक्ष

सीहोर। गहलोत मेवाड़ा राजपूत समाज द्वारा रविवार को एक सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया 1 जिसमें समाज की गतिविधियों को लेकर विचार विमर्श किया गया और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में सर्वसम्मति से समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा सेमली के उत्कृष्ट कृषक युवा समाजसेवी दिनेश मेवाड़ा को समाज के प्रति उनके समर्पण एवं लग्नशीलता को ध्यान में रखते हुए युवा परिषद का सीहोर जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

## कांवड़ यात्रा: 6 अगस्त को सुबह 5 से रात 10 बजे तक डायवर्ट रहेगा इंदौर-भोपाल मार्ग

# 400 जवानों का पुलिस दल संभालेगा व्यवस्था, 4 डीएसपी 7 टीआई, 30 सब इंस्पेक्टर सहित जवान रहेंगे तैनात

देश के कोने-कोने से श्रद्धालु सीहोर पहुंच रहे हैं। सीवन नदी घाट से जल भरकर पैदल ही कुबेरेश्वर धाम जल अभिषेक करने पहुंचेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विगत तीन सालों से सावन मास में निकल रही कांवड़ यात्रा इस वर्ष भी कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की अगुवाई में 6 अगस्त को भव्य तरीके से निकाली जाएगी। इस वर्ष कांवड़ यात्रा का चौथा वर्ष है। इस वर्ष कांवड़ यात्रा बाजार क्षेत्र से न निकलते हुए सीधे सीवन नदी घाट से प्रारंभ होगी, जो कुबेरेश्वर धाम पहुंचेगी। कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन द्वारा पुख्ता तैयारियां की जा रही है। गौरतलब है कि कुबेरेश्वर धाम जिला मुख्यालयसे 8 किलोमीटर दूर इंदौर-भोपाल राजमार्ग किनारे स्थित है. यह धार्मिक केन्द्र देश भर के श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बन गया है। 12 महीने ही यहां श्रद्धालुओं के आने जाने का सिलसिला बना रहता है, जबकि गुरुपूर्णिमा से पूरे सावन मास ही यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। विगत 3 वर्षों से पं. प्रदीप मिश्रा की अगुवाई में कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा का इस वर्ष चौथ वर्ष है। इस साल श्रद्धालुओं में कांवड़ यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। सावन के पहले ही दिन से हजारों की तादाद में देश के कोने-कोने से श्रद्धालु सीहोर जिला मुख्यालय पहुंच रहे हैं और सीवन नदी घाट से जल भरकर पैदल ही कुबेरेश्वर धाम पहुंच रहे हैं।

### 400 जवान संभालेंगे व्यवस्था

भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। पुलिस ने सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था के लिए 400 जवानों को तैनात किया है, जिसमें 4 डीएसपी, 6 से 7 टीआई और 25 से 30 सब इंस्पेक्टर शामिल हैं। इनमें से 250 जवान भोपाल से आ रहे हैं, जबकि 150 जवान सीहोर जिले के हैं। 50 जवानों का दल 4 अगस्त सोमवार को को ही जिला मुख्यालय पहुंच गया और बाकी जवान आज 5 अगस्त को पहुंचेंगे।



### 6 अगस्त को बंद रहेगा इंदौर-भोपाल मार्ग

**छोटे वाहन** (कार-जीपद्ध) भोपाल से इंदौर जाने वाले वाहन सीहोर मुख्यालय स्थित क्रिसेंट चौराहा से भाऊखेड़ी, अमलाह होते हुए इंदौर-देवास की ओर जाएंगे। इसी तरह इंदौर से आने वाले वाहन भी अमलाह, भाऊखेड़ी, क्रिसेंट चौराहा होते हुए भोपाल निकलेंगे। **बड़े वाहन:** भोपाल से देवास-इंदौर जाने वाले बड़े वाहन भोपाल से ही श्यामपुर-ब्यावरा होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। इंदौर से आने वाले बड़े वाहन भी देवास से ब्यावरा होते हुए भोपाल पहुंचेंगे। **अन्य कट प्वाइंट्स:** देवास से आने वाले वाहनों को आष्टा चौपाटी से कालापीपल होते हुए चांदबड़-श्यामपुर से भोपाल निकाला जाएगा। भोपाल से आने वाले वाहनों को फंदा टोल टैक्स के पास तूमड़ा जोड़ से दोराहा-श्यामपुर होते हुए निकाला जाएगा।

### भारी वाहनों का मार्ग किया डायवर्ड

06 अगस्त को निकलने वाली कावड़ यात्रा के लिए मार्ग डायवर्ड किया गया है। वही जाम से निपटने के लिए भी पुलिस और यातायात के जवानों को तैनात किया गया है।

**ब्रजमोहन धाकड़, यातायात प्रभारी**

### शांति-व्यवस्था बनाये रखने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई

कुबेरेश्वर धाम मंदिर ग्राम चितावलिया हेमा तक कांवड यात्रा 6 अगस्त को निकाली जाएगी जिसमें विगत वर्षों की भांति बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन संभावित होने से कावड़ यात्रा के दौरान कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अपर कलेक्टर सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार कावड़ यात्रा के दौरान कानून एवं शांति-व्यवस्था तथा कांवड यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो और उनकी सुविधाओं के लिए एसडीएम तन्नय वर्मा को सम्पूर्ण व्यवस्था का प्रभारी बनाया गया है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर डेहरिया को आयोजन स्थल पर एकत्रित श्रद्धालुओं को देखते हुए सीवन नदी घाट पर एवं कुबेरेश्वर धाम पर 05 अगस्त की प्रात 6 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक समुचित चिकित्सा व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखेगें एवं एम्बुलेंस मय स्टाफ के उपलब्ध कराएगे। जीवन रक्षक एवं आवश्यक दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाये। इसी प्रकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं कार्यपालन यंत्री पी०एच०ई० को कावड़ यात्रा के दौरान बडी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए सीवन नदी घाट पर एवं कुबेरेश्वर धाम पर पर्याप्त मात्र में पानी के टेकर, पेयजल व्यवस्था एवं साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करे। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीहोर को श्रद्धालुओं की बडी सख्या में आगमन को दृष्टिगत रखते हुए कुबेरेश्वर धाम एवं सीवन घाट पर पर्याप्त मात्रा ने फायर ब्रिगेड उपलब्ध करना एवं यात्रा के दौरान बडी संख्या में आने जाने वाले वाहनों के मार्ग एवं खराब होने वाले वाहनों को गार्ग से हटाये जाने के लिए 02 छोटी केन एवं आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# बाल अधिकार एवं संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अवासीय स्कूल में बाल अधिकार एवं संरक्षण पर जागरूकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उनके संरक्षण हेतु समाज की भूमिका को स्पष्ट करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मती स्वप्न सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर एवं विशेष अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मती सुनीता रावत रहीं। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए संविधान व बाल अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने कहा, हर बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान से जीने का अधिकार है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी बच्चा शोषण, बाल मजदूरी या हिंसा का शिकार न हो। बाल अधिकारों की रक्षा करना केवल सरकार की ही नहीं, हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर ज्ञानेश खरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल कल्याण समिति सीहोर से मानसिंह सेन, रवि राठौर एवं तिलक दास बैरागी, सदस्यगण उपस्थित रहे। साथ ही ज़ीशान खान, जिला विधिक सेवा अधिकारी, अभिषेक भार्गव, शिक्षक, रत्नेश कुमार तिवारी, विनय दुबे, विशेष किशोर पुलिस इकाई तथा सामाजिक संस्था शौर्य एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी एवं विदिशा सोशल वेलफेयर सोसायटी के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

# जिला पंचायत सीईओ ने किया ग्राम जमोनिया तालाब का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने एक बगिया मां के नाम परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से ग्राम जमोनिया तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना के तहत भूमि आवंटन के लिए सिपरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से सैंपल के रूप में स्वयं सर्वे किया और हितग्राही का चयन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए।एनआरएलएम के डीपीएम दिनेश बर्फा ने बताया कि एक बगिया मां के नाम परियोजना का उद्देश्य अधिक से अधिक पौधारोपण करना हे। इसके तहत सिपरी सॉफ्टवेयर एप के माध्यम से जिले के अलग-अलग स्थानों पर भूमि एवं हितग्राहियों का सर्वे कर चयन किया जा रहा है और भूमि तथा हितग्राहियों का चयन कर एनआरएलएम और मनरेगा द्वारा अधिक से अधिक फलदार पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए कृषि सखियों एवं स्व सहायता समूह की दीदियों के खेतों को चयनित किया जाएगा। परियोजना के तहत जिले में 500 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें स्व सहायता समूह की महिलाओं को लाभ होगा। निरीक्षण के दौरान सीहोर जनपद सीईओ नमिता बघेल, डीपीएम दिनेश बर्फा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## श्रद्धा के साथ भक्ति के रंग में रंगे कांवडिया, धाम पर पहुंचे श्रद्धालु

# 10 क्विंटल से अधिक हलवे की प्रसादी का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एक बार फिर से देश में इतिहास बनाने वाली भव्य कांवड-यात्रा के मात्र दो दिन शेष है, बुधवार को शहर के पोस्ट आफिस से लाखों की संख्या में कांवड यात्री शामिल होंगे, लेकिन इससे पहले ही सोमवार को डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम पर तक श्रद्धा के साथ भक्ति के रंग में रंगे कांवडिया आस्था और उत्साह के साथ पहुंचे। इसके अलावा अनेक धाम पर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, अहमदाबाद, सूरत, जयपुर से भी हजारों की संख्या में कांवड यात्री डीजे और बाजे-ताशे के साथ थिरकते हुए जा रहे थे। सोमवार को भोले के भक्त अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। नगर तथा ग्रामीण अंचल में कांवड़ियों की सेवा के लिए श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह शिविर लगाकर सत्कार की व्यवस्था की गई है। सड़कों पर चारों तरफ कांवड़ियों के जत्थे दिखाई दे रहे हैं। हाईवे पर पुलिस बल तैनात है। वहीं जिला प्रशासन आगामी छह अगस्त को होने वाली भव्य कांवड यात्रा की तैयारियां कर रहा है। वहीं शहर के सभी सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने देश में शहर का नाम रोशन करने वाले गुरुदेव पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर आने वाले कांवडियों का स्वागत, ठहराने, भोजन प्रसादी, चाय-नाश्ते, फलहारी और पेयजल आदि के वितरण की व्यवस्था की है। इस संबंध में विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने क्षेत्रवासियों से भेंट की है। शहर को विश्व पटल पर प्रसिद्ध करने वाली कांवड यात्रा को लेकर देश के कोने-कोने से भगवान के भक्त शहर में आ रहे है, जिससे पूरे सावन के माह में सीवन नदी के तट पर मेला लगा हुआ है। यात्रा मार्ग पर लगे शिविरों को प्लास्टिक फ्री रखने का निर्देश दिया गया है। वहां कूड़ेदान, सफाई कर्मचारी, साफ पीने का पानी उपलब्ध रहेगा। यात्रा पर निकलने वाले भक्त इन सुविधाओं का लुत्फ उठा सकते हैं। हर साल गुरुदेव के आह्वान करीब 11 किलोमीटर तक निकाली जाने वाली भव्य कांवड यात्रा में इस वर्ष युवाओं में उत्साह है और लाखों की संख्या में देश के जाने माने डीजे के संगीत पर कांवड लेकर जाएंगे।



## पहली बैठक के साथ भाजपा के नए कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी का नया जिला कार्यालय अब शहर के केंद्र में बस स्टैंड के पीछे स्थित बहावलपुरी समाज की धर्मशाला में तैयार हो गया है। सोमवार को कार्यालय का उद्घाटन हुआ और पहली बैठक भी यहीं आयोजित की गई। भाजपा के इस नए ठिकाने पर अब सभी संगठनात्मक गतिविधियां और आयोजन किए जाएंगे। गौरतलब है कि पिछले कई सालों से भाजपा के पास अपना निजी कार्यालय भवन नहीं है। इस वजह से पार्टी को किराए के भवनों में कार्यालय चलाना पड़ता है और जिलाध्यक्ष के बदलने के साथ ही कार्यालय का स्थान भी बदल जाता था। पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के कार्यकाल में कार्यालय सीहोर-इछावर रोड पर था, जो शहर से दूर होने के कारण कार्यकर्ताओं के लिए असुविधाजनक था। अब नया कार्यालय शहर के मध्य में होने से जिले भर से आने वाले कार्यकर्ताओं को काफी सुविधा होगी।



## खबर संक्षेप

### लाड़ली बहनों को मिलेगी 250 की अतिरिक्त राशि

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि आगामी 07 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में 250 रुपए की अतिरिक्त राशि रक्षाबंधन के शगुन के रूप में दी जायेगी, जो रक्षाबंधन पर भाई की तरफ से छोटा सा उपहार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश की महिलाएं मेरी बहने हैं यह मेरा मान है, सम्मान है, बहनों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आए इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। यह राशि प्रतिमाह मिलने वाली 1250 रुपए से अतिरिक्त होगी। उन्होंने कहा कि बहने हमारे लिए ईश्वर की एक सौगात है। त्यौहारों का राजा रक्षाबंधन है, इस त्यौहार में बहने अपने भाइयों के लिए सब कुछ निछावर कर देती है। प्यार, सम्मान, दुलार और दूसरे परिवार में जाकर उनका सम्मान भी बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि हम सभी बहनों को इस बात का भी ध्यान रखना है।

### 7 तक होगा दस्तावेज़ परीक्षण कार्यक्रम

**सीहोर।** कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा आयोजित पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा 2024 की मेरिट सूची अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। महिला एवं बाल विकास द्वारा चयनित प्रतिभागियों के मूल दस्तावेजों का परीक्षण 4 से 7 अगस्त तक भोपाल स्थित संचालनालय, महिला एवं बाल विकास, विजया राजे वात्सल्य भवन, अरेरा हिल्स में किया जाएगा। दस्तावेज़ सत्यापन कार्यक्रम को दो भागों – सीमित सीधी भर्ती और खुली सीधी भर्ती के तहत विभाजित किया गया है, जिसमें कुल 560 चयनित प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया है। सीमित सीधी भर्ती के अंतर्गत दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया 4 और 5 अगस्त को होगी।

### जर्जर पड़े स्कूल भवन के मरम्मत की शासन और प्रशासन ने नहीं ली सुध

# शिक्षकों ने अपने ही वेतन से हजारों रुपए खर्च कर कराई स्कूल भवन की मरम्मत

### सरकार से अनुग्रह राशि नहीं मिलने पर की अनूठी पहल

सुशील मालवीय ⏭ इछावर



स्कूल के जर्जर भवन की मरम्मत को लेकर वर्षों से शासन, प्रशासन का मुंह ताक रहे स्कूल प्रबंधन को जब कहीं से उम्मीद की कोई किरण नजर नहीं आई तो स्कूल के शिक्षकों ने ही भवन मरम्मत का बीड़ा उठाया। शिक्षकों ने अपनी सैलरी से ही हजारों रुपए खर्च कर न सिर्फ भवन की मरम्मत कराई , बल्कि टीनशैड डालकर नई छत बना दी। शिक्षकों की यह पहल समाज के लिए अनुकरणीय तो है ही , साथ ही शासन के उन तमाम वादों , दावों की पोल भी खोल रही है जिसमें विकास के कसीदें पढ़ें जातें हैं। सीहोर जिले के इछावर जनपद क्षेत्र का लसूड़िया कांगर प्रायमरी स्कूल का भवन पिछले चार साल से जर्जर हालत में था। जोकि विद्यालय में पढ़ने वाले करीब 66 छात्र - छात्राओं की सुरक्षा को लेकर बड़ा खतरा बना हुआ था। इसके चलते प्रबंधन द्वारा स्कूल का संचालन किराएं के एक निजी भवन में किया जा रहा था। इस दौरान स्कूल प्रबंधन द्वारा कई बार भवन की कंडम हालत के संबंध में जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया साथ ही भवन मरम्मत की मांग की गई , लेकिन नतीजा सिफर ही रहा। आखिरकार शिक्षकों ने ही भवन की मरम्मत करने की ठानी। स्कूल प्रभारी बद्री प्रसाद वर्मा ने अपनी सैलरी से करीब एक लाख रुपए खर्च कर न सिर्फ भवन को रिपेयर कराया बल्कि पुरानी छत को गिरवाकर टीनशैड की नई छत डलवा दी। सोमवार से भवन में कक्षाओं का संचालन भी शुरू कर दिया गया। मरम्मत कार्य में स्कूल में पदस्थ अन्य दो शिक्षक नंदलाल वर्मा व भगत सिंह वर्मा द्वारा 10-10 हजार एवं जन शिक्षक महेश राठौर , धरमसिंह वर्मा और सब इंजीनियर अनिल सेनने भी 2-2 हजार रुपए की सहयोग राशि दी । फिलहाल शिक्षकों की यह पहल क्षेत्र में सराहनीय बनी हुई है।

### किराया भी सैलरी से दिया

शाला प्रभारी बद्री प्रसाद वर्मा ने बताया कि भवन पिछले चार साल से जर्जर हालत में था। इस संबंध में कई बार वरिष्ठ अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया साथ ही मरम्मत कार्य की मांग की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। बच्चों की सुरक्षा के चलते विद्यालय का संचालन एक किराएं के एक निजी भवन में किया गया। जिसका किराया शिक्षकों ने



अपनी सैलरी से ही दिया। वर्तमान सत्र में हमने भवन मरम्मत का निर्णय लिया और शिक्षक साथियों की मदद से भवन रिपेयर करने के साथ ही उस पर टीन शेड की नई छत डाल दी गई। इसमें कक्षाओं का संचालन आरंभ कर दिया गया है।

**सराहनीय कार्य**

शिक्षकों द्वारा स्कूल भवन का जीर्णोद्धार करने की जानकारी प्राप्त हुई है। मेरे स्तर से भी मदद की पेशकश की गई है।

**सुभाष चंद्र दुबे,** बीआरसी

# सावन के अंतिम सोमवार को नगर में निकाली महिला कांवड़ यात्रा

### जगह-जगह हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर

सावन माह के अंतिम सोमवार को अहमदपुर एवं आसपास के क्षेत्र में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ शिवालयों में उमड़ी गांव गांव से कावड़ यात्रा लेकर श्रद्धालु भोलेनाथ को कावड़ यात्रा लेकर मंदिरों में पहुंचे। अहमदपुर में महिला मानस मंडल द्वारा सोमवार को शीतला माता मंदिर से कावड़ यात्रा विंध्यवासिनी माता मंदिर बनखेड़ा पहुंची वहां पर भगवान शिव को जल अभिषेक किया गया बड़ी संख्या में कावड़ यात्राओं में महिला एवं बच्चे कावड़ लेकर अहमदपुर से विंध्यवासिनी माता मंदिर पहुंचे डीजे एवं ढोल के साथ कावड़ यात्रा निकाली गई। शुभम चौकसे ने बताया की अहमदपुर के शिव मंदिर से महिला मंडल द्वारा कावड़ यात्रा की शुरुआत की गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी धाम बनखेड़ा टेकरी मां विंध्यवासिनी दरबार पहुंची , जहां कावड़ यात्रा का समापन किया गया कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।



# भाजपा पंचायती राज्य प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोकप्रिय विधायक सुदेश राय की मंशानुरूप भारतीय जनता पार्टी पंचायती राज्य प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पं. महेश दुबे के नेतृत्व में वृक्षारोपण अभियान शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण अभियान निरंतर जारी है। अभियान के तहत तहसील कार्यालय परिसर में फल, फूल एवं औषधीय पौधे रोपित किये गये।

इस मौके पर श्री दुबे ने उपस्थितजनों को पौधे रोपित करने के साथ ही पर्यावरण का संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाना चाहिये। पौधे लगाकर उनकी देखरेख करना हमारा कर्तव्य ही नही बल्कि आवश्यकता भी है। इसी संकल्प के साथ वृक्षा रोपण अभियान सतत जारी रहेगा, जिसके तहत शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर पौधे रोपित किये जायेगें एवं किसान बन्धुओं को भी पौधे रोपित कर उनका संरक्षण हेतु संकल्प दिलाते हुए हमारे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के हरा भरा देश, हरा भरा मध्य प्रदेश के सपने को साकार किया जावेगा। साथ ही श्री दुबे ने सभी भाई एवं बहनों से यह अपील भी की है कि आगामी रक्षा बन्धन त्योहार पर सभी भाई-बहन मिलकर एक पौधा अवध्यक लगायें, जिससे पर्यावरण का संरक्षण तो होगा है, साथ ही भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को भी अटूट बनायेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थितजनों में रोहित बोयत, मनोहर सिंह सरपंच, जीवन सिंह, बाबूलाल, रईस चच्चा, विनोद सिंह, दीपक जोशी, अभिषेक जोशी, राधेश्याम सेन, संजय प्रजापति, राहुल पाठक, धर्मेन्द्र दुबे, मोनू दुबे, करण सिंह कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

### पीएम आवास योजना से पक्के घर का सपना साकार



**सीहोर।** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना भी उन्हीं योजनाओं में से एक है। इसके योजना के तहत गरीब परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए सहायता राशि प्रदान की जाती है। अपने सिर पर एक पक्की छत होना हर व्यक्ति का सपना होता है। स्वयं का पक्का मकान, जहां वह अपने परिजनों के साथ एक खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकें। लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के लिए पूरी जिन्दगी भर की पूंजी लगाने पर भी पक्का मकान बनाना संभव नहीं हो पाता। सीहोर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी श्रीमती सरोज राठौर ने सपने में भी नहीं सोचा था कि उनका अपना पक्का मकान होगा। सरोज कहती हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके पक्के घर के सपने को साकार किया है। अब वह अपने परिवार के साथ बिना किसी परेशानी के प्रधानमंत्री आवास में रह रही हैं। सरोज ने बताया कि कच्चे घर में बारिश के मौसम में रहने में बहुत परेशानी होती थी। छत से पानी टपकने के साथ ही सांप, बिच्छू आदि जहरीले जीवों का घर में घुस जाने का डर हमेशा बना रहता था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ने हमें इन सब चिंताओं से मुक्त कर दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की स्वीकृति मिली और कुछ महीनों बाद घर बनकर तैयार हो गया। सरोज ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद दिया हैं।

# आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार को लेकर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आम आदमी पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आष्टा रेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। बैठक का मुख्य एजेंडा संगठन विस्तार तथा आगामी नगरीय निकाय चुनावों की रणनीति तय करना रहा। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आम आदमी पार्टी सीहोर जिले में संगठन का विस्तार किया जायेगा और आगामी नगरीय निकाय चुनावों में पूरी ताकत, सक्रियता और रणनीति तैयारी के साथ पार्टी प्रत्याशियों को मैदान में उतारेगी। पार्टी का लक्ष्य भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शीता और जनहितकारी स्थानीय प्रशासन को स्थापित करना है।

पार्टी पदाधिकारियों ने बैठक में क्षेत्रीय स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाने का ऐलान किया। इसके माध्यम से दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी, जिससे जनसमर्थन को सशक्त किया जा सके। बैठक में सीहोर जिला प्रभारी हरीश पाठक, सज्जाद हुसैन, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष आई. ए. खान, सीहोर जिला कार्यकारी अध्यक्ष चेतन कुमार वास्तवर, जिला सोशल मीडिया प्रभारी महान कौशल, शिवराम परमार (एडवोकेट), सचिन भाटी, जयदीप भाटी, अनिल वर्मा, दौलत सिंह मेवाडा, अशोक कुमार, इंदर सिंह राजपूत, अतुल सोनी, जितेंद्र सोलंकी, जावेद उल्लाह, अखिलेश जैन, अर्जुन सिंह भाटी, ओंकार सिंह बामनिया, पारस जैन, संदीप जैन, सतीश राजपूत, राजेश सोलंकी, विनोद शर्मा, मुकेश जायसवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह आम जनता के मुद्दों को लेकर प्रतिबद्ध है और आने वाले चुनाव में एक सशक्त और विश्वसनीय विकल्प के रूप में सामने आएगी।

### सीहोर में रोजगार मेला 12 अगस्त को

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग के द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। आईटीआई विभाग द्वारा युवाओं का अप्रेंटिसशिप के लिये चयन भी किया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ इस रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### अगस्त माह में अवकाश के दिनों में बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुलेंगे

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 09 अगस्त (रक्षाबंधन), 16 अगस्त (जन्माष्टमी), 27 अगस्त (गणेश चतुर्थी) समस्त शनिवार (02 अगस्त, 23 अगस्त, 30 अगस्त) एवं समस्त रविवार (03 अगस्त, 10 अगस्त, 17 अगस्त, 24 अगस्त, 31 अगस्त ) को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस (pos) मशीन से कैश के जरिए बिल भुगतान तथा ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं को ऑनलाइन भुगतान करने पर उनके कुल बकाया बिल पर 0.50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित होंगे भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

### निकाला जाएगा चल समारोह, आयोजन में प्रतिभाओं का करेंगे सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

संयुक्त राष्ट्रसंघ के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस जिला मुख्यालय पर हर्षोउल्लास से मनाया जाएगा। शनिवार 9 अगस्त बाल बिहार मैदान से भोपाल नाका तक विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। एक तीर, एक कमान, सभी आदिवासी, एक समान नारे को आदिवासी बुलंद करेंगे। आदिवासी वैचारिक सम्मेलन होगा और सांस्कृतिक कार्यकमों के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

संयुक्त राष्ट्रसंघ के द्वारा जिले के संपूर्ण आदिवासी भाईयों, वहनों एवं सहयोगियों को महा आयोजन में आमंत्रित किया गया है। आयोजन को लेकर नगर पालिका सीहोर के उपाध्यक्ष विपिन सास्ता नाना ने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे बालबिहार मैदान में आमसभा होगी जिस के बाद भव्य विशाल आदिवासी चल समारोह शुरू किया जाएगा। चल समारोह रैली में अपनी पारंपरिक वैशभुषा में आदिवासी महिला पुरूष बच्चे युवा युवतियां शामिल होंगे। चल समारोह में आदिवासी वाधयंत्र भी बजाए जाएंगे। बेनर पोस्टर झंडों के साथ चल समारोह रैली मनकामेश्वर मंदिर से अटल बिहारी वाजपेय चौराहा बड़ा बाजार, पान चौराह, कोतवाली चौराहा से इंग्लिशपुरा रोड़ होते हुए भोपाल नाका स्थित आवासीय मैदान पर पहुंचेगी। आयोजन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर ओमप्रकाश धुर्वे,एडीए प्रहलाद सस्त्या, सीताराम सरेआम, एडिशनल एसपी प्रेमा धुर्वे, नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता नाना, अनिता बारेला, कृष्णा सूर्यवंशी, लक्ष्मण कर्मा जिला पंचायत सदस्य, इंदरसिंह पटेल, कमलेश दोहरे, बीएस भदोरिया, राजेश जांगड़े मुकेश आजाद जयनारायण बारेला आदि ने महा आयोजन में सम्मलित होने की अपील की है।

### विकसित भारत के लिए मानव संपदा का अवदान विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# शिक्षा ग्रहण कर अपने देश के विकास में सहयोगी बनेः सुदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में शनिवार को विकसित भारत के लिए मानव संपदा का अवदान विषय पर एक दिवसीय राज्य- स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष सुदीप प्रजापति रहे। आमंत्रित वक्ताओं के रूप में डॉ. मनोज कुमार सिन्हा, शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, शासकीय हमीदिया महाविद्यालय, भोपाल; डॉ. हरीश व्यास, प्राचार्य, शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन; तथा डॉ. सुयश कुमार, शिक्षाविद, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, ग्वालियर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। तत्पश्चात वक्ताओं एवं अतिथियों का स्वागत किया गया एवं प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने स्वागत भाषण में कार्यक्रम की रूप रेखा से सभी को अवगत कराया। विशेष अतिथि श्री सुदीप प्रजापति जी ने अपने व्याख्यान में विकसित भारत के लिए शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे छात्रों की सोच इस प्रकार से विकसित करें कि वह अपने देश से शिक्षा ग्रहण कर अन्यत्र न जाकर अपने देश के विकास में सहयोगी बने। प्रथम आमंत्रित वक्ता के रूप में डॉ मनोज सिन्हा ने विकसित भारत के साथ-साथ खुशहाल भारत की संकल्पना पर जोर दिया । डॉ सुयश कुमार ने बताया कि भारत के विकास के लिए मानव संसाधन प्रमुख है, एवं केवल गुरु ही मानव संसाधन का निर्माण कर सकते हैं । डॉ कुमार ने उच्च शिक्षा की नीतियों के परिप्रेक्ष्य में धरातल पर आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए उनके उपायों पर भी विस्तृत चर्चा की । डॉ हरीश व्यास ने अपने व्याख्यान में विकसित भारत 2047 की परिकल्पना पर जोर देते भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ आधुनिक शिक्षण तकनीकों के समन्वय पर प्रकाश डाला l उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग को कृषि एवं उद्योगों के मध्य सेतु बनाकर कार्य करना होगा, तभी भारत का विकास संभव है । साथ ही मानव संसाधनों को समय - समय पर अपस्किल एवं रीस्किल करने के महत्व को रेखांकित किया। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एवं आइक्यूएसी समन्वयको द्वारा उच्च शिक्षा विभाग की नीतियों को भारत के विकास के लिए और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सुझाव प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम का कुशल संचालन आइक्यूएसी प्रभारी श्री विनयमणि त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन भूगोल विषय के प्राध्यापक डॉ आमिर एजाज़ के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक , कर्मचारी गण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

विशाल भंडारे के साथ भागवत कथा का समापन

# सुदामा जैसी मित्रता होनी चाहिए तो परमात्मा मिल जाएंगेः पं. नागर



## हिमालेश्वर धाम पर श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

## सावन मास के अंतिम सोमवार पर उमड़ा जनसैलाब श्रद्धालुओं ने किए बाबा के दर्शन

आज श्रावण मास का अंतिम सोमवार होने के कारण बाबा हिमालेश्वर के दरबार में आस्था और श्रद्धा का जन सैलाब उमड़ पड़ा जगह-जगह से कावड़ यात्रा के साथ में कलश यात्रा बाबा के दरबार में पहुंची जहा पर कलशो के जल से जलाभिषेक किया गया समिति के द्वारा दर्शन के लिए श्रदालु को परेशानी ना हो इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे आज श्रावण मास का अंतिम सोमवार होने के कारण शाम 5:00 बजे तक 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के द्वारा बाबा के दर्शन किए इसमे क्षेत्रीय विधायक घनश्याम चंद्रवंशी के साथ पूर्व विधायक कुणाल चौधरी भाजपा नेता सुनील देथल ब्लाक नगर परिषद अध्यक्ष पवन राजकुमार नगर कांग्रेस अध्यक्ष नरेश दिक्षित समाजसेवी मोहनलाल विजयवर्गय ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र जै सी बी कांग्रेस नेता मुकेश सोनानिया के द्वारा भी बाबा के दरबार में हाजिरी लगा करके आशीर्वाद लिया साथ ही हिमालेश्वर धाम पर एक विशाल भंडारे का आयोजन पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि भेरूलाल दांगी के द्वारा अपने पिताजी की स्मृति में किया गया जिसमें क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच करके भंडारे में महाप्रसादी ग्रहण की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालापीपल

भागवत कथा के सातवे दिवस पर हिमालेश्वर धाम मंदिर मोरटाकेवडी मे भक्तों को कथा श्रवण करते हुए कथावाचक अश्विन नागर माधव सरकार ने कहा कि जीवन में मित्रता करो तो ऐसी करो जो मिसाल बन जाए। मित्रता का सबसे अच्छा प्रसंग है भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता का है ,जो दोनो के बीच प्रेम और विश्वास का अटूट संबंध आज भी जीवंत है। प्रेम के कारण ही तो सुदामा ओर राधा रुकमणी ने श्याम को प्राप्त किया। प्रेम ऐसी शक्ति है जो सिहासन छोड़कर नगें पैर बांके बिहारी आना पड़ा लेकिन प्रभु को प्राप्त करने के लिए मनुष्य के मन मे सच्ची श्रद्धा और भक्ति का वास होना चाहिए तो भगवान मिल जायेगा भगवान को कुछ देने की जरूरत नहीं है। वहां तो प्रेम का भूखा है। प्रेम के खातिर ही विदुर घर भोजन किया है। इसलिए मेरे बांके बिहारी को सिर्फ मनुष्य प्रेम भक्ति और श्रद्धा से ही पा सकता है घमंड से नही। लेकिन इस कलयुग मे मित्रता सोच-समझकर करना चाहिए। क्योंकि संगत और साथ मानव जीवन को बहुत प्रभावित करते हैं। ये चाहे तो उसे महान बना सकते हैं। या फिर उसे मिट्टी में भी मिला सकते हैं क्योंकि धन तो नश्वर है परमात्मा ने हमें मृत्यु लोक में धन से भी बढ़कर मनुष्य शरीर प्रदान करके संसार में भेजा है और जब उसने संसार में भेजा है तो हमारी पालन पोषण की भी व्यवस्था की होगी भक्त सुदामा ने कभी भी भगवान से लेने की इच्छा नहीं की है। परंत आज जब भक्त मंदिर में जाता है तो परमात्मा से लेने की इच्छा करता है, परंतु यह नहीं सोचता है मुझे अनमोल जीवन दिया है और इस कलयुग में मनुष्य धन पाकर घमंड में डूबा हुआ है लेकिन वहा यहाँ नही जानता है कि यहा सब मेरे बाके बिहारी की ही माया है आप लोगों ने सात दिवस तक भागवत कथा श्रवण की उधर राजा परीक्षित ने भी अपनी मोक्ष प्राप्ति के लिए भागवत कथा का श्रवण कर श्रृंगऋषि के श्राप से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त किया आप सभी ग्रामवासियों पर बांके बिहारी की कृपा रहे इसी के साथ भागवत कथा की पूर्णाहुति हुई।

7 आरोपी गिरफ्तार, 30 लाख से अधिक का मशरूका जब्त

# पुलिस ने किया अंतरराज्यीय ट्रक कटिंग गिरोह का पर्दाफाश



**सारंगपुर।** एनएच-52 हाईवे सारंगपुर के आसपास चलते ट्रकों से माल चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सारंगपुर पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह ट्रक के पीछे अपनी गाड़ी लगाकर ट्रक कटिंग करते और लाखों रुपये का माल चोरी कर बाजार में बेच देते थे।

**दो रातों में हुई थी बड़ी वारदात-** 18 एवं 21 जुलाई की रात को थाना सारंगपुर क्षेत्र अंतर्गत एनएच-52 पर इसी तरह की चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने तुरंत एक विशेष टीम गठित की। शाजापुर, देवास व राजगढ़ जिलों में दबिश देकर करीब 15 दिन की जांच के बाद गिरोह का खुलासा किया

**सूचना देने और माल रखने वाले भी गिरफ्त में:** गिरफ्तार आरोपियों में गिरोह के सदस्य, माल रखने वाले और पुलिस की हरकतों की सूचना देने वाला युवक भी शामिल है। सभी को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया माल व वाहन भी जब्त किए ट्रक कटिंग करने वाले आरोपी में प्रमोद पिता अनिल कंजर उम्र 19 वर्ष निवासी पम्पापुर, शाजापुर सुमेश पिता नरेश हाड़ा उम्र 22 वर्ष निवासी मकावद, अकोदिया जिला शाजापुर, निखिल उर्फ कालू पिता शांतिलाल कंजर उम्र 20 वर्ष निवासी पीपलरावा देवास।

### माल रखने वाले आरोपी

जाहिर पिता सत्तार खान उम्र 39 वर्ष निवासी भूराखेड़ी सारंगपुर, जमील पिता फकरुद्दीन मेवाती उम्र 26 वर्ष निवासी अलीसरखेड़ा, सलसलाई जिला शाजापुर, राशिद पिता रफीक खां उम्र 20 वर्ष निवासी भूराखेड़ी, सारंगपुर।

### पुलिस की गतिविधियों की सूचना देने वाले आरोपी

पंकज पिता पीरूलाल बलाई उम्र 21 निवासी तलेनी, सारंगपुर

30 लाख 15 हजार मशरूका जप्त जिसमें पिकअप एमपी 09 डीडी 3504 दृ कीमत 8 लाख,मारुति ब्रेजा एमपी 13 जेडी 6487 कीमत 7 लाख, हुंडई आई 10 कीमत 3 लाख रुपए आकी,बिना नंबर की बजाज पल्सर 90 हजार,बिना नंबर की होंडा साइन 40 हजार,कपड़ों के 37 बंडल 7 लाख 40 लाख रुपए कीमती,एलईडी टीवी 8 नग 1 लाख रुपए,वॉशिंग मशीन 2 नग 15 हजारसाउंड बॉक्स 20 हजार सहित अन्य दो मोटरसाइकिल 2 लाख।

### कार्रवाई में पुलिस की ये टीमें रहीं सक्रिय

आकांक्षा हाड़ा थाना प्रभारी सारंगपुर निरीक्षक,अनिल राहोरिया लीमाचैहान थाना प्रभारी उनि. कर्मवीर शर्मा करनवास थाना प्रभारी उनि,जितेंद्र अजनारे कालीपीठ थाना प्रभारी उनि.योगेंद्र मरावी,सायबर सेल प्रभारी सूबेदार, सउनि आनंदीलाल भिलाला, प्रआर. जितेन्द्र भिलाला, सूरज चावरिया, नवीन राजपूत, सउनि राजेन्द्र सिंह, जमनाप्रसाद, हरिनारायण, प्रआर. मोईन अंसारी, गिरीराज मीणा, सतीष परमार, आर. राजवीर, बनवारी, सुनिल यादव, दिवाकर वर्मा, राधारमण, शिवसिंह दांगी, गजेंद्र सिंह, विकास राठौर, कुलदीप, सुमित, शुभम, धर्मेन्द्र जायसवाल आदि।पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन तथा केएल बंजारे एवं एसडीओपी अरविंद्र सिंह के मार्गदर्शन में की गई यह कार्रवाई न केवल सारंगपुर बल्कि पूरे जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। पुलिस ने संगठित अपराध पर कड़ा प्रहार करते हुए यह संदेश दिया है कि हाईवे पर अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।


साल 2022 में कुरावर थाना क्षेत्र के तहत हुई थी घटना

# जमीनी विवाद में हुई हत्या के 3 आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले के कुरावर थानाक्षेत्र के तहत जमीनी विवाद के चलते हुई एक व्यक्ति की हत्या के मामले में तहसील न्यायालय नरसिंहगढ़ ने 3 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। तीनों आरोपियों पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है।

जिला लोक अभियोजक आलोक श्रीवास्तव एवं एडीपीओ मनोज मिंज ने बताया कि साल 2022 में मृतक जगदीश अपने खेत में एंगल लगाकर तार फेसिंग कर रहा था जिसका जीन मोहल्ला कुरावर निवासी रोहित, कांताप्रसाद और गोविंद ने विरोध करते हुए जगदीश के साथ लाठी, डंडों से मारपीट की जिसके चलते जगदीश के सिर में गहरी चोंटें आई। अस्पताल में 8-10 दिन चले इलाज



के बाद आखिरकार जगदीश ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में विवचना उपरान्त अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय में विचारण के दौरान साक्षियों के बयान करवाए गए जिसमें आरोपियों पर दोषसिद्ध हुआ।

### गवाहों एवं सबूतों के आधार पर सुनाया फैसला

सभी सबूतों एवं गवाहों की बिना पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश गौरव अग्रवाल ने फैंसला सुनाते हुए रोहित, कांताप्रसाद एवं गोविंद सर्व निवासी जीन मोहल्ला कुरावर को आजीवन कारावास से दंडित किया है। तीनों आरोपियों पर 5-5 हजार रुपए का अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है।

## डीजे पर खड़े युवकों को लगा करंट, एक की मौत, एक गंभीर

**बुधनी।** सोमवार को बुधनी घाट से प्रारंभ हुई कावड़ यात्रा में शामिल दो युवक करंट की चपेट में आ गए जिससे एक की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है पुलिस ने डीजे जप्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सावन सोमवार के मौके पर बुधनी घाट से जल भरकर कावड़ यात्रा प्रारंभ की गई थी जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे यात्रा के दौरान डीजे पर नाच गाना भी चल रहा था सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास जब कावड़ यात्रा पहुंची तो डीजे के ऊपर खड़े दो युवक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया इनमें से एक अनूप चौरे उम्र 25 वर्ष निवासी सोनासावरी इटारसी की मृत्यु हो गई वहीं दूसरे घायल का इलाज किया जा रहा है जिसकी हालत गंभीर बताई गई है।

सारंगपुर विकासखंड की 8 गोशालाओं का निरीक्षण, टैगिंग और टीकाकरण कार्य जारी

# गोशालाओं का किया औचक निरीक्षण टैगिंग की समस्या बनी चुनौती

**सारंगपुर।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला राजगढ़ के निर्देश पर विकासखंड सारंगपुर की समस्त गोशालाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्य पशु चिकित्सा अधिकारी सारंगपुर ने किया। इस दौरान गोशाला संचालकों को गो शाला की क्षमता अनुसार ही गोवंश रखने के निर्देश दिए कलेक्टर डॉ. मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित गोशाला समीक्षा बैठक में निर्देश दिए थे, जिनके परिपालन में यह कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान 8 गोशालाओं का जायजा लिया गया कृजिसमें निम्न गोशाला में गो वंश की संख्या देखी जिसमें श्री कपिलेश्वर गोशाला में 225 गोवंश, श्री राम गोशाला, लीमा चौहान में 165 गोवंश,श्री मधुसूदन गोशाला, में धामंदा दृ 272 गोवंश, भैंसवा माता गोशाला, भाग 1 102 गोवंश श्री भैंसवा माता गोशाला, भाग 106 गोवंश, ग्राम पंचायत संडावता गोशाला 100 गोवंश ग्राम पंचायत मेंहरी मोटी दोबड़ा जमीदार 80 गोवंश, ब्यावरा मांडू गौशाला 100 गोवंश। पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी गोशालाओं में टीकाकरण एवं टैगिंग का कार्य कराया जा रहा है लेकिन निरीक्षण में यह बात सामने आई कि गोशाला संचालक गोवंश को खुले में छोड़ देते हैं और कई बार ग्रामीणजन द्वारा रोजाना नए गोवंश गोशालाओं में छोड़ दिए जाते हैं, जिससे टैगिंग की प्रक्रिया बार-बार बाधित हो रही है।


सड़क पर भटकता गोवंश, कलेक्टर के आदेश


### इनका कहना है

पशुपालन विभाग सारंगपुर का कहना है कि विभाग लगातार टैगिंग एवं टीकाकरण कार्य में जुटा हुआ है और हर परिस्थिति में कार्य को अंजाम देने का प्रयास कर रहा है। गोशाला संचालकों द्वारा बताई गई समस्या के अनुसार, वर्षा ऋतु में ग्रामीणों द्वारा छोड़े गए नए गोवंश की वजह से टैगिंग में निरंतर बाधा उत्पन्न हो रही है। इसके बावजूद विभागीय अमला निरंतर सक्रिय है।

डॉ अमित शाक्य, पशु चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड सारंगपुर

मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा

# रेस्ट हाउस में विधायक की अध्यक्षता में मंडल टोली की बैठक आयोजित

**नरसिंहगढ़।** आगामी सात अगस्त को मंडी प्रांगण में मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन के मद्देनजर रविवार को रेस्ट हाउस में विधायक मोहन शर्मा की अध्यक्षता में विधानसभा की मंडल टोली की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री के स्वागत एवं कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री नरसिंहगढ़ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान श्लाड़ली बहना योजनाश के तहत पात्र बहनों के खातों में 1500 की राशि सीधे ट्रांसफर करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लाभार्थी बहनों की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में मंडल स्तर के पदाधिकारियों, ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए।



# सेवानिवृत्त हुए प्रकाश सिंह, कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया विदाई समारोह आयोजित

**ब्यावरा।** जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में लंबे समय से कार्यरत एवं स्टे नंबर-2 और शस्त्र लाइसेंस शाखा के वरिष्ठ कर्मचारी प्रकाश सिंह की सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीना विदाई समारोह कलेक्टर सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, उनके परिजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समारोह में प्रकाश सिंह को उनके उत्कृष्ट सेवाभाव, विनम्र आचरण और कर्तव्यनिष्ठा के लिए



पुष्पमालाओं, साफा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथी कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके साथ बिताए गए क्षणों को साझा किया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि सिंह के परिजनों ने भी समारोह में भाग लेकर उनके सेवा-जीवन पर गर्व व्यक्त किया। समारोह के दौरान माहौल आत्मीयता और भावनाओं से भरा रहा। प्रकाश सिंह ने अपने संबोधन में कहा, यह सेवा मेरे लिए सम्मान का विषय रही। कार्यालय मेरे परिवार जैसा रहा है, और आप सभी मेरे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने सभी सहकर्मियों का आभार जताते हुए उन्हें स्नेहपूर्वक अलविदा कहा। समारोह में मौजूद सभी लोगों ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं समृद्ध सेवानिवृत्त जीवन की कामना की।

प्रजापिता संस्था में आयोजित हुआ योग तपस्या कार्यक्रम

# 'नकारात्मकता को त्यागकर अपनी जीवनशैली में लाने होंगे परिवर्तन'

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रजापिता ब्रहाकुमारीज संस्था के तत्वावधान में पवित्र श्रावण मास में सर्व दुखी एवं अशांत आत्माओं को शांति का दान देने के उद्धेश्य से संस्था की मातृशक्तियों द्वारा विशेष योग तपस्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्रहाकुमारीज की जिला प्रभारी मधु दीदी, ब्यावरा सेवाकेंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी, जीरापुर सेवा केंद्र संचालिका बी.के. नम्रता और खिलचीपुर केंद्र संचालिका नीलू दीदी ने किया।

कार्यक्रम के दौरान बताया कि वर्तमान समय में नकारात्मकता दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। मानव मन में ईष्या, नफरत आदि



दुर्भाव संबंधों में दूरियां बढ़ा रहे हैं। मन को परमात्मा में लगाकर निर्मल बनाने एवं संबंधों में मधुरता लाने के उद्धेश्य से इस योग साधना कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मधु दीदी ने कहा कि हमें नकारात्मकता को त्यागकर कर्म और योग में बेलेंस रखते हुए जीवनशैली में परिवर्तन लाने होंगे। उन्होंने कहा कि हमें हर परिस्थिति में संतुष्ट रहना है और प्रत्येक आत्मा के प्रति शुभभावना रखनी है। कार्यक्रम के दौरान मित्रता दिवस भी मनाया गया एवं भगवान को अपना सच्चा मित्र बनाने और उनसे मदद प्राप्त करने के संदर्भ में सुंदर नाटिका की प्रस्तुति भी की गई साथ ही आध्यात्मिक गेम्स द्वारा सभी का उत्साहवर्धन किया गया।

## हिमालेश्वर महादेव का किया जलाभिषेक



**शुजालपुर।** सावन माह के अंतिम सोमवार को ग्राम टांडा से सैकड़ो महिलाओ द्वारा कलश व कावड यात्रा प्रारंभ की गई। कलशो मे पवित्र जल भरकर डी जे धुन पर महिलाओं के द्वारा नृत्य करते हुए 15 किलोमीटर का पैदल मार्ग तय करके ग्राम खड़ी मोरटाकेवडी होते हुए हिमालेश्वर धाम पहुंची जहा पर कलशो के जल से जलाभिषेक किया गया कावड व कलश यात्रा मे भजन कीर्तन करती हुई महिलाएं शिव भक्ति मे लीन नजर आई और पूरा वातावरण श्रावण मास का अंतिम सोमवार होने से शिवमय हो गया साथ ही महिला पुरुष श्रद्धालुओ ने शिव भजनों पर जमकर नृत्य किया महिला भक्त मंडल के साथ टांडा सरपंच पोप सिंह धाकड बने सिंह धाकड ने बताया कि महिला मंडल द्वारा सावन माह के अंतिम सोमवार पर शिव आराधना के तहत कलश यात्रा का आयोजन किया गया था आज उसी संदर्भ मे कलश यात्रा राम मंदिर से निकली गई और मोरटाकेवडी स्थित बाबा हिमालेश्वर को जल अर्पित कर ग्राम के साथ परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई इस यात्र का स्वागत ग्राम खडी के सरंपच वैष्णावी अरुण मालवीय समाजसेवी व पूर्व सरपंच राजेन्द्र सक्सेना के द्वारा कैले वितरण कर किया गया पूरी यात्रा मे पोलायकला चौकी प्रभारी रामेश्वर पटेल मुस्तेदी के साथ रहे ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित ना हो।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिए खाद्य पदार्थों के सैम्पल



**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं डॉ० राजकुमार ऋषीश्वर अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला गुना के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट के विरूद्ध अभियान अंतर्गत खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जाँच एवं सैंपलिंग की कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग कार्यवाही की। टीम ने लक्ष्मीगंज, गुना स्थित मित्तल एजेंसी से सरसों तेल, चाय, नमक, नयापुरा, गुना स्थित बेस्ट चॉइस सुपरमार्ट से धनिया पावडर, हल्दी पावडर, घी, शास्त्री मार्केट गुना स्थित कंचन किराना स्टोर से मैथीदाना, बेसन, सरसों तेल एवं बालाजी किराना स्टोर से सरसों तेल, तिली तेल, धनिया पावडर, केन्ट चौराहा, गुना स्थित गर्ग इन्टरप्राइजेज से चायपत्ती, सरसों तेल, पास्ता एवं जैनम्‍स्टोर से तुअर दाल, बेसन, घी के सैम्पल जाँच हेतु संग्रहित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को भेजे हैं, जिनकी जांच रिपोर्ट आने पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर कन्याल के निर्देशानुसार मिलावट के विरूद्ध अभियान अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच एवं सैम्पलिंग कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

खबर संक्षेप

## वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने चलेगा अभियान

**सीहोर।** प्रदेश के पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) अनिवार्य रूप से लगाए जाने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को इस आशय के आदेश दिये है। प्रदेश में एक अप्रैल 2019 के बाद पंजीकृत वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना 4 दिसम्बर 2018 के अनुसार एक अप्रैल 2019 के बाद सभी पंजीकृत वाहनों में एचएसआरपी प्लेट लगाई जाना अनिवार्य है। वाहन पोर्टल में डाटा अपडेट करने के काम में तेजी लाई जा रही है। परिवहन विभाग ने परिवहन आयुक्त को इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। प्रदेश भर में दल गठित कर संबंधित वाहन डीलर के माध्यम से एनआईसी वाहन पोर्टल पर अद्यतन स्थिति दर्ज की जायेगी। इसके लिये एक विशेष अभियान चलाया जायेगा।

## उप सरपंच के रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए सम्मिलन 12 अगस्त को

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में पूर्व से उप सरपंच के रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए 12 अगस्त 2025 को निर्वाचित पंचों एवं सरपंच का सम्मिलन आयोजित कराने के निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय है कि पंचायतो के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध) में पंच पदों के निर्वाचन परिणाम की घोषणा 29 जुलाई 2025 को संपन्न हो चुकी है।

## आयुक्त नगरीय प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के जिलाध्यक्ष छुट्टन चावरिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल भोपाल पहुंच आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि नगर पालिका सफाई कर्मचारियों को माह की 1 से 5 तारिख तक अनिवार्य रूप से वेतन भुगतान किया जावे ताकि आगामी रक्षा बन्धन त्योहार सभी सफाई कर्मचारी उत्साह के साथ मना सके। साथ ही उनके द्वारा लिये गये ऋण की समय पर किस्त जमा हो सके जिससे कि उन पर अतिरिक्त पेनाल्टी ना लगे और ना ही उनकी सिविल खराब हो।

### कथा के चौथे दिन आज मनेगा भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

# सत्य का अनुसरण करो, असत्य के मार्ग का त्याग करने में ही कल्याणः उपाध्याय

गीता मानस भवन में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भगवान शिव और माता पार्वती आस्था और विश्वास के प्रतीक है। शिव शक्ति एक-दूसरे के परीक्षक हैं वो कहीं भी अलग नहीं हैं। उक्त उद्गार शहर बस स्टैंड के समीपस्थ गीता मानस भवन में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने व्यक्त किए। पंडित श्री उपाध्याय ने कहा कि मनुष्य जीवन में सत्य का साथ करना चाहिए। अगर प्रत्येक व्यक्ति यह प्रार्थना करे कि सभी प्राणी सुखी हों, किसी को भय हो, सब निरोगी हों, किसी को व्याधि हो, तो सभी लोग सुखी हो जाएंगे।

सदा सत्य का अनुसरण करो। असत्य के मार्ग का त्याग करने में ही कल्याण है। भागवत कथा के श्रवण करने से आत्मा को शांति मिलती है। उन्होंने आगे कहाकि धुरव और प्रहलाद ईश्वर के प्रति अटल विश्वास और भक्ति व सत्य की प्रतिमूर्ति हैं। वे दोनों माया-मोह को छोड़कर एक ही आधार भगवान विष्णु को अपना आराध्य मानने वाले हैं। वे हरि के सच्चे भक्त हैं। प्रभु की भक्ति करनी है तो इन दोनों के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। सोमवार को धुरव चरित्र और प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई। धुरव चरित्र व भक्त प्रहलाद की कथा सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। उन्होंने धुरव और प्रहलाद जैसे भक्तों को भी घोर कष्टों का सामना करना पड़ा था। लेकिन कठिन दौर में भी उन्होंने भगवान के नाम का सहारा नहीं छोड़ा था। रात्रि कालीन कथा में व्यास ने श्रोताओं को बताया कि ईश्वर की प्राप्ति के लिए आयु का बंधन नहीं होता है। धुरव जी ने अल्प आयु में ही भगवान के दिव्य दर्शन प्राप्त किए थे। हमे इस जीवन की वास्तविकता को समझकर हर क्षण अच्छे कर्म और भगवान का भजन करते रहना चाहिए। उन्होंने परमात्मा को प्राप्त करने के दो मार्ग बताए। पहला सद्मार्ग जिसको चुनकर भक्त प्रहलाद ने ईश्वर को प्राप्त किया। दूसरा अधर्म मार्ग जिसको अपनाकर हिरण्यकश्यप ने मोक्ष की प्राप्ति की। पंडित चेतन उपाध्याय ने कहाकि हम मन को सुधार लेंगे तो वह हमें शबरी बना देगा और बिगाड़ लेंगे तो शूर्पणखा बना देगा। मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार मन के चार भेद हैं। मन कोई अंग नहीं, आत्मा का आवरण है और वही परमात्मा है। हम मन को नहीं, मन में घुस बैठे अहम को मार लेंगे और काम-क्रोध, लोभ-मोह जैसे विकारों को नष्ट कर लेंगे तो जीवन संवर जाएगा।

भागवत कथा सुनने से धर्म एवं ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है और मानव जीवन के पाप-दोषों का निवारण करता है। जिस प्रकार गंगा सभी बगैर भेद भाव के मोक्ष देती है, उसी प्रकार भागवत महापुराण भी सभी को श्रवण करने का कल्याणकारी उपाय है। भागवत पुराण धर्म ग्रंथों का महासमुद्र है जिसमें सद्ज्ञान का अमृतरूपी अथाह ज्ञान भरा हुआ है। यही ज्ञान हमें हमारे पापों से दूर करके मोक्ष के मार्ग की ओर ले जाएगा। इसलिए भगवान का भजन और स्मरण पूरे भाव से करना चाहिए। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शहर के गीता मानस भवन में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन उत्साह के साथ भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

# अवैध गांजा का परिवहन करते चार किए गिरफ्तार

### आरोपियों से 16 किलो गांजा किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

थाना जावर क्षेत्र अंतर्गत दो बसों की दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दुर्घटना में चौहान बस को पीछे से टक्कर लगने के कारण बस पलट गई थी, जिससे डिक्की जाम हो गई थी। क्रेन की सहायता से बस को सीधा कर डिक्की खोली गई। इसी दौरान तीन युवक डिक्की से सामान निकालकर एक ईयोन कार में रख रहे थे। पुलिस को युवकों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं, जिस पर तत्काल कार की तलाशी ली गई। वाहन में चार युवक सवार थे और 7 बैग रखे गए थे। बैगों की तलाशी लेने पर उनमें टेप से पैक किए हुए कुल 9 पैकेट गांजा (वजन लगभग 16 किलो) बरामद किया जाकर अपराध क्रमांक 284/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी पियुष पिता बीरू कुचबंदिया, उम्र 19 वर्ष, निवासी चांदवड़, थाना मंडी, जिला सीहोर, चंदन पिता सुनील कुचबंदिया, उम्र 22 वर्ष, निवासी चांदवड़, थाना मंडी, जिला सीहोर, कुनाल पिता राजेश कुचबंदिया, उम्र 19 वर्ष, निवासी चांदवड़, थाना मंडी, जिला सीहोर, एक नाबालिग से प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों द्वारा स्वीकार किया गया कि यह गांजा उड़ीसा से लाया गया है और इंदौर से बस में सवार होकर इसे सीहोर क्षेत्र पहुंचाया जाना था। थाना जावर पुलिस द्वारा आरोपियों को हिरासत में लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है एवं अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड हेतु निवेदन किया जाएगा। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक नीता देअरवाल, उपनिरीक्षक बाबूलाल मालवीय, प्र आर सुनिल वर्मा, प्र आर जस्सूलाल,प्र आर सीताराम, आर अनिल, आर बलराम, आर सुरेन्द्र, आर अमित, आर देवेंद्र, आर अरुण शर्मा, आर पवन, आर मनोज, म. आर हीरामणी, सैनिक लाखन सिंह, सैनिक बनेसिंह, सैनिक राहुल, सैनिक जगदीश की सराहनीय भूमिका रही ।

# प्रधानाध्यापक सुखदेव गौड के सेवानिवृत्त होने पर ग्रामीणों ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

तहसील की ग्राम पंचायत चांचरसी के ग्राम मालीपुरा में माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थ सुखदेव गौड़ के सेवानिवृत्त होने पर गत दिवस नगर के निकट ग्राम मालीपुरा के समस्त ग्रामीण जन ने हर्षोल्लास के साथ सेवानिवृत्त शिक्षक गौड का ग्रामीण क्षैत्र में जुलूस निकाल कर भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया वही संकुल कैंद्र के समस्त कर्मचारीयों द्वारा गौड़ का आत्मीय स्वागत किया गयास्वागत समारोह कार्यक्रम का सफल संचालन पंडित आदित्य जोशी के द्वारा किया गया। स्वागत समारोह के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक गौड़ ने अपने उद्बोदन में कहा कि मेरे इन 34 वर्षो के कार्यकाल में ग्रामवासियो सहित मैरे सहकर्मियों का अद्भुत स्नेह प्यार एवं पारिवारिक अपनापन मिला आज मैं अपने आपको गौरान्वित महसूस करता हूं की मेरा जीवन एक शिक्षक के रूप में रहा जिससे कि मेरा जीवन दूसरों को शिक्षित करने में लगा रहां मेरा यह जन्म सार्थक हुआं ऐसा मै मानता हूं कार्यक्रम के अवसर पर संकुल कैंद्र की शिक्षिका श्रीमती सरिता चौधरी श्रीमती विद्या श्रीवास्तव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रीना मालवीय आशा कार्यकर्ता कीर्ति मेवाड़ा उपस्थिति रही वहीं गेंदालाल मेवाड़ा को भाग सिंह मेवाडा विनोद सिंह मेवाडा जितेंद्र मेवाड़ा राधेश्याम मेवाडा सतीश मेवाड़ा लोकेंद्र मेवाडा कृपाल मेवाडा देवजी पटेल एवं समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहै आगंतुक ग्रामीण वासियों व अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार प्रकाश जी नायक द्वारा ज्ञापित किया गया

# उपज मंडी में किसान संघ की मासिक बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने कृषि उपज मंडी के बैठक कक्ष में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री सम्मान निधि का जो लाइव प्रसारण कार्यक्रम था उसमें अपनी उपस्थिति दी। तत्पश्चात मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम तहसील अध्यक्ष द्वारा ध्वज लगाया। तत्पश्चात गीत व परिचय के बाद विधिवत शुरुआत की गई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं संगठन के रचनात्मक कार्यों पर चर्चा की। जिसमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना तथा खरीफ सीजन में किसानों को खाद- दवाई इत्यादि उचित मूल्य, गुणवत्तायुक्त प्रदान हो राजस्व बिजली आदि विभागों में किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो आदि विषय पर चर्चा की गई। बैठक में भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष राकेश जी वर्मा तहसील अध्यक्ष जितेंद्र आर्य जिला उपाध्यक्ष गजराज सिंह ठाकुर युवा वाहिनी संयोजक सचिन, पटेल जिला कार्यकारिणी सदस्य ज्ञान सिंह मेवाड़ा, मोतीलाल, मंडलोई ईश्वर आर्य, तहसील उपाध्यक्ष शिवनारायण, तहसील कार्यकारिणी सदस्य आत्माराम मालवी, विनोद आर्य, रमेश वर्मा, लखन लाल, कुमेर सिंह, ठाकुर सरदार सिंह आदि किसान कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने अशासकीय स्कूलों का निरीक्षण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने अशासकीय स्कूलों की फीस प्रतिपूर्ति के संबंध में अधिकारियों को स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी निर्देशानुसार जिला शिक्षा केन्द्र सीहोर द्वारा पोर्टल पर फीस प्रतिपूर्ति के लिए एन्ट्री की गई है जिसका अनुमोदन कर फीस प्रतिपूर्ति की कार्यवाही की जाना है। निरीक्षण के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने अनेक अधिकारियों को अलग-अलग स्कूल आवंटित कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए हे।

निरीक्षण के दौरान यह सभी अधिकारी अशासकीय स्कूल में विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन करेंगे जैसे स्कूल में छात्र संख्या के मान से एफडी है या नहीं, स्कूल स्वयं के भवन में संचालित है यह किराए के भवन में, स्कूल में कक्षों की संख्या, स्कूल में रैंप, पुस्तकालय, खेल मैदान, पुस्तकों की उपलब्धता और पेयजल व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाओं का आंकलन कर जानकारी जिला शिक्षा केंद्र सीहोर को उपलब्ध कराएंगे, इसके बाद फीस प्रतिपूर्ति की कार्यवाही की जाएगी।

# 21 हजार रुद्री निर्माण के साथ रुद्राभिषेक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सीहोर के चाणक्यपुरी में श्री अयोध्यानाम मंदिर में सावन माह के पवित्र अवसर पर जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित के मार्गदर्शन में 21 हजार से अधिक रुद्री निर्माण एवं अभिषेक के आयोजन में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर शामिल हुए एवं जगतगुरु पंडित अजय पुरोहित का स्वागत कर सम्मान किया।

आयोजित हुए कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्तिथ थे। प्रातः रुद्री निर्माण हुआ जिसमे शामिल सभी श्रद्धालुओं ने रामायण की प्रचलित चौपाइयों और भगवान शिव के मंत्रों का एक साथ उच्चारण किया। पूजन अभिषेक कार्यक्रम में जगदगुरु पंडित श्री अजय पुरोहित ने कहा कि रूद्र अभिषेक यह सर्वोच्च देवता भगवान शिव को समर्पित धार्मिक अनुष्ठान है। जो शक्तिशाली मंत्रो के उच्चारण द्वारा किया जाता है। रूद्र अभिषेक भगवन शिव को समर्पित करने वाले व्यक्ति की सभी इच्छाए पूरी होती है। यह माना जाता है की, कोई भी अनुष्ठान किसी पवित्र स्थान पर करना ही उचित रहता है। रुद्र अभिषेक में शामिल होने पहुचे जगद्गुरु पंडित श्री अजय पुरोहित जी ने आष्टा विधायक को शुभ आशीर्वाद प्रदान किया।

# छुट्टियों में घर आए 23वीं बटालियन के जवान के निधन पर जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा विधानसभा क्षेत्र के जावर निवासी विक्रमसिंह सेंधव के पुत्र पिंटू सेंधव जो की राष्ट्रीय रायफल 23वीं बटालियन में सैनिक के पद पर जम्मू कश्मीर राज्य में पदस्थ है,तथा छुट्टी पर वे अपने गृह ग्राम जावर आए हुए थे,का दुखद निधन हो गया । खबर के बाद जावर क्षेत्र शोक में डूब गया। मृतक सैनिक आज सुबाह घर से बनखेड़ा मार्ग पर स्तिथ अपने खेत पर पौधे लगाने गये थे । खेत के पास ही नेवज नदी बहती है । जिसमे उनका शव मिलने की सूचना पर परिजन,पुलिस मौके पर पहुचे ओर शव को पीएम के लिये सिविल अस्पताल भेजा गया । मृतक जांबाज सैनिक पिंटू उम्र लगभग 28 वर्ष जो की राष्ट्रीय रायफल की 23 वी बटालियन में सैनिक के पद पर पदस्थ है तथा उनकी ड्यूटी वर्तमान में जम्मू कश्मीर में है। मृतक सैनिक पिंटू छुट्टी पर अपने गृह नगर जावर आए हुए थे और अपने खेत पर पौधरोपण कार्य के दौरान घटना घटी ऐसा बताया जा रहा है । मृतक 23 भी बटालियन में पदस्थ होने के कारण पुलिस द्वारा मिलेट्री स्टेशन भोपाल को इसकी सूचना दी गई । सूचना पर भोपाल से भी मिलेट्री के अधिकारी आदि जावर पहुचे ओर आज पूरे सैनिक सम्मान के साथ मृतक सैनिक पिंटू सेंधव का जावर में बड़े ही गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। सूचना मिलते ही आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर जावर पहुचे एवं सैनिक को सेल्यूट कर पुष्पचक्र अर्पित कर नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार के सदस्यो को ढढास बंधाया। अंतिम विदाई के दौरान सभी जनप्रतिनिधियो, सैकड़ो ग्रामीणजनो, एक्स आर्मी सोसायटी के सैनिकों ने सैनिक पिंटू सेंधव को नम आंखों से विदाई दी।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला का सैनिक सम्मान और रक्षा सूत्र समारोह आयोजित

# महिला मंडल और वेलफेयर सोसाइटी को राशि देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



रक्षाबंधन के पावन अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, शाखा आष्टा द्वारा सैनिक सम्मान एवं रक्षा सूत्र समारोह का भव्य आयोजन किया गया। वरिष्ठ सलाहकार संगठन प्रमुख विजयलक्ष्मी गणेश उपाध्याय ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पधारे सूबेदार कृष्ण मुरारी शर्मा पूर्व जिला सैनिक कल्याण संयोजक, म.प्र. शासन, सीहोर कैप्टन सरदार सिंह रावत मुख्य सुरक्षा अधिकारी, नोट प्रेस देवास सूबेदार मोहन सिंह चंद्र वरिष्ठ जिला संरक्षक, सीहोर, सूबेदार मेजर राकेश कुमार चौधरी जिला संयोजक, देवास, सूबेदार जगदीश चंद्र चौधरी वरिष्ठ संरक्षक, देवास, एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष संतोष शर्मा सहित अन्य वीर सैनिकगण साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। कृष्ण लाल, किशनलाल मेवाड़ा, राजबहादुर सिंह, ज्ञानसिंह सोनाणिया, घनश्याम सिंह जेवरिया, पंकज जायसवाल, घनश्याम वर्मा, जगदीश मेवाड़ा, प्रेम सिंह, बलराम सिंह आदि पत्रकार अबरार भाई, पत्रकार बाबू पांचाल, पत्रकार इजरायल, पत्रकार प्रवेश शर्मा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और संदेश कार्यक्रम में नम्रता मुंदड़ा और अनीता शर्मा द्वारा संगठन प्रार्थना प्रस्तुत की गई। वहीं स्वागत गीत का गायन उषा तिवारी ने किया। स्वागत भाषण विजयलक्ष्मी गणेश उपाध्याय ने दिया। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की बहनें प्रतिवर्ष अपने हाथों से राखियाँ बनाकर देश की रक्षा में जुटे वीर सैनिकों को बॉर्डर पर भेजती हैं। साथ ही छुट्टी पर आए सैनिकों को स्वयं रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना करती हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने सभी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए प्रत्येक को एक-एक साड़ी व सम्मेलन मंडल के लिए 11,000 की राशि की घोषणा की। साथ ही सैनिक वेलफेयर सोसाइटी हेतु 25, 000 की घोषणा कर समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया।विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर राय सिंह मेवाड़ा, भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष अंजलि विशाल चौरसिया, वरिष्ठ समाजसेवी सुशील संचेती रहे। साथ ही संगठन की अध्यक्ष रानी सोनी, सचिव ज्योति सोनी उपाध्यक्ष दुर्गा तिवारी, महिला सशक्तिकरण प्रमुख स्मिता मुंदड़ा, बाल विकास प्रमुख सुनीता राजपुरिया, कोषाध्यक्ष शारदा सोनी, सरोज खंडेलवाल, नीलम सोनी, गुंजा सोनी, रितु सोनी, मीना वास्तव, बिना पुरोहित, सरोज पालीवाल, बबीता सोनी, संगीता दासानिया, किरण सोनी, उमा गुप्ता, सीमा बैरागी, ममता वर्मा, पूजा सोनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सरोज खंडेलवाल एवं स्मिता मूंदड़ा ने अतिथियों और सभी उपस्थितजन का आभार प्रकट किया।

# सोलहकारण महामंडल विधान पूजन 7 अगस्त से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

चातुर्मास में पर्वो की आराधना पूजन करने का सिलसिला प्रारम्भ हो जाता है भक्त लोग पूजन आराधना में लीन होकर पूजन ध्यान उपवास आदि लेकर धर्म ध्यान में मन लगाते है उसी तरह दिगम्बर जैन समाज द्वारा चातुर्मास के अंतर्गत पर्वों की आराधना की जा रही है दिगम्बर जैन पंचायत समिति के प्रमुख श्री शरद जैन ने बताया कि साल में तीन बार आने वाले शास्वत सोलहकारण महा पर्व जो कि एक माह के पर्व होते है उसी के निमित्त से नगर के इतिहास में पहली बार सोलह दिवसीय संगीतमय श्री सोलहकारण महामण्डल विधान पूजन आराधना करने का भव्य आयोजन परम् पूज्य मुनिवर श्री सजग सागर मुनि सानंद सागर जी महाराज के पावन सानिध्य व प. श्री प्रदीप जी शास्त्री बीना के मार्गदर्शन व निर्देशन में दिनांक 7 अगस्त गुरुवार से किला स्थित दिव्योदय जैन तीर्थ पर सम्पन्न होने जा रहा है उक्त विधान पूजन आयोजन में प्रतिदिन चार प्रमुख पात्रों को एक दिन के श्रावक श्रेस्ठी बना कर मुख्य शान्तिधारा चित्र अनावरण , मुनि श्री पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेंट का सौभाग्य प्राप्त होगा सोलह दिन तक चलने वाले विधान की पूजन प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से प्रारम्भ होकर सुबह 9:30 बजे तक चलेगी उक्त विधान पूजन को लेकर समाज मे अति उत्साह का माहौल है समिति द्वारा आयोजन को लेकर व्रहद स्तर पर तैयारियां की जा रही हैसमाज के संरक्षक रमेश जैन पवन जैन धनरूपमल जैन, मुकेश बडजात्या, मंनोज जैन अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल, कैलाश जैन ने समस्त समाज जनो से विधान पूजन में बैठने की विनती की गई है।